1211. राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय अवस्थित है

(a) बाँसवाड़ा में (b) जयपुर में
(c) जोधपुर में (d) उदयपुर में

प्राध्यापक (Gen. Awareness & Gen. Studies)-2018

Ans. (b) : राजस्थान आई.एल.डी. कौशल विश्वविद्यालय राजस्थान के जयपुर शहर में स्थित है। इस विश्वविद्यालय को 2017 के अधिनियम संख्या-6 के तहत राज्य विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया गया है। यह एक सरकारी विश्वविद्यालय होने के नाते कौशल एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यों को संचालित करने वाला अनेक संस्थानों के लिए सम्बद्ध निकाय है।

1212. किस वर्ष में राजस्थान के 14 जिलों में प्रथम चरण के अंतर्गत डाइट की स्थापना की गई थी?

(a) जून 1995 (b) दिसम्बर 1998
(c) जून 1996 (d) दिसम्बर 1997

RPSC School Lecturer 2020 (14-12-2020)

Ans. (a) : जून 1995 में राजस्थान के 14 जिलों में प्रथम चरण के अन्तर्गत डाइट की स्थापना की गई थी।

1213. डाइस द्वारा आरम्भ में कौन से स्तर की शिक्षा के लिए कार्य आरम्भ किया गया?

(a) प्राथमिक शिक्षा
(b) माध्यमिक शिक्षा
(c) उच्च माध्यमिक शिक्षा
(d) महाविद्यालय शिक्षा

RPSC School Lecturer 2020 (14-12-2020)

Ans. (a) : डाइस द्वारा आरम्भ में प्राथमिक शिक्षा के लिए कार्य आरम्भ किया गया था।

1214. राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के संगठनात्मक ढाँचे में राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्यों की संख्या कितनी होती है?

(a) 11 (b) 15
(c) 07 (d) 17

RPSC School Lecturer 2020 (14-12-2020)

Ans. (d) : राजस्थान माध्यमिक शिक्षा अधिनियम, 1957 के तहत माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान का गठन किया गया। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के संगठनात्मक ढाँचे में राज्य सरकार द्वारा नामित सदस्यों की संख्या 17 तथा निर्वाचित सदस्यों की संख्या 7 होती है। एक चैयरमैन होता है जो राज्य सरकार द्वारा मनोनीत किया जाता है।

1215. सैनिक स्कूल, चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) की स्थापना कौन से वर्ष हुई थी?

(a) 7 नवम्बर, 1957
(b) 7 अगस्त, 1961
(c) 17 नवम्बर, 1960
(d) 7 अगस्त, 1962

RPSC School Lecturer 2020 (14-12-2020)

Ans. (b) : सैनिक स्कूल, चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) की स्थापना 7 अगस्त, 1961 को की गई थी यह स्कूल सोसाइटी के तत्वावधान में संबंधित राज्य सरकारों के सहयोग से रक्षा मंत्रालय द्वारा विभिन्न राज्यों में शुरू किए गए पहले पाँच स्कूलों में से एक है।

1216. संस्कृत शिक्षा में सूचना एवं संचार तकनीकी को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभाग ने 18.08.2020 को एक एप प्रारम्भ किया है। उस एप का नाम क्या है?

(a) देववाणी एप (b) अमृतवाणी एप
(c) सरस्वती एप (d) सुभाष एप

RPSC School Lecturer 2020 (14-12-2020)

Ans. (a) : संस्कृत शिक्षा में सूचना एवं संचार तकनीकी को बढ़ावा देने के लिये राजस्थान संस्कृति शिक्षा विभाग ने 18 अगस्त 2020 को देववाणी एप्प का शुभारंभ किया।

1217. उदयपुर में 'हिन्दी विद्यापीठ' की स्थापना किसने की-

(a) जनार्दन राय नागर
(b) घनश्याम दास
(c) विजय सिंह
(d) कृपाल सिंह

Live Stock Assistant (Tsp Area)- 16.10.2016

Ans. (a) उदयपुर में 'हिन्दी विद्यापीठ' की स्थापना जनार्दन राय नागर द्वारा 1937 ई. में राष्ट्रीय जागरण के उद्देश्य से की गई थी। इसकी स्थापना राष्ट्रीय जागरण के उद्देश्य से की गई थी। वर्ष 1987 में इसे डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान किया गया था।

1218. राजस्थान में बालिकाओं के लिए 'कन्या विद्यालय' (1923 ई.) किसने स्थापित किया -

(a) नयनूराम शर्मा (b) दामोदर दास राठी
(c) जयनारायण व्यास (d) ऋषिदत्त मेहता

Live Stock Assistant (Non TSP Area)- 21.08.2016

Ans. (c) राजस्थान में बालिकाओं के लिए वर्ष 1923 में कन्या विद्यालय की स्थापना जयनारायण व्यास ने किया था। जय नारायण व्यास एक भारतीय राजनेता और राजस्थान के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उनका जन्म 18 फरवरी 1899 को जोधपुर में हुआ था। नयनूराम शर्मा ने वर्ष 1918 में कोटा में प्रजा प्रतिनिधि सभा की स्थापना की थी। राजस्थान के कोटा में जन-जागरण में इनकी भूमिका प्रमुख थी। दामोदर दास राठी का जन्म पोकरण में 8 फरवरी 1884 ई. को हुआ था। यह राजस्थान के स्वतंत्रता सेनानी थे, इन्होंने ब्यावर में आर्य समाज व होमरुल लीग की स्थापना की ये बाल गंगाधर तिलक के उग्र नीतियों के समर्थक थे। ऋषि दत्त मेहता ने वर्ष 1942 में 'बूंदी राज्य सार्वजनिक परिषद की स्थापना की थी।

1219. राजस्थान में चल रहे सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत सक्षम योजना क्या है?

(a) यह युवा लोगों को स्वरोजगार सुनिश्चित करती है।
(b) यह बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण देती है।
(c) यह युवा लोगों को कौशल विकास का प्रशिक्षण देती है।
(d) यह गृहिणियों को बीमा पोलिसी देती है।

LDC Exam 09.09.2018

Ans. (b) राजस्थान में चल रहें सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत सक्षम योजना बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण देती है। महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री सक्षम बालिका योजना शुरु की गई इसके तहत 1.5 लाख किशोरियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा, जिसका उद्देश्य बचपन से ही उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना है।